श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 83, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 29 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

बुलंदशहर में तीन वाहनों की टक्कर में तीन की मौत

बुलंदशहर में ट्रक, कार और पिकअप तीनों आपस में भिंड़े, तीन की मौत, पांच की हालत गंभीर

बुलंदशहर, जेएनएन। उप्र के बुलंदशहर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। देहात कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर-जेवर हाईवे स्थित सिखेड़ा गेट के समीप मंगलवार की देर शाम एक ट्रक ने कार, पिकअप गाड़ी को टक्कर मारकर सड़क किनारे खाई में पलट दिया। कार में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। हादसा होने से तीनों वाहन मलबे में तब्दील हो गए। जिस कारण हाईवे पर जाम लग गया। बाद में रूट डायवर्ट करके वाहनों को निकाला गया। डीएम-एसएसपी और पांच थानों की फोर्स देर शाम तक मौके पर जानकारी जुटा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिवारीजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

देहात कोतवाली प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार, सेंट्रो कार में सवार लोग बुलंदशहर से एक शादी समारोह में शामिल होकर नोएडा लौट रहे थे। जिस समय सेंट्रो कार बुलंदशहर-जेवर हाईवे पर गांव सिखेड़ा गेट के समीप पहुंची तो चोला की तरफ से आ रहे एक 14 टायरों वाले ट्रक ने अनियंत्रित होकर पहले महिंद्रा पिकअप गाड़ी को टक्कर मारी। इसके बाद सेंट्रो कार को टक्कर मारकर घसीटते हुए एक खाई में जा गिरा।

कार में सवार 35 वर्षीय जावेद उर्फ जाहिद पुत्र याकूब, 30 वर्षीय सलमान पुत्र इकबाल निवासीगण रबूपुरा नोएडा और 35 वर्षीय विपिन निवासी मालागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप गाड़ी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर सबसे पहले चोला चौकी इंचार्ज संदीप तोमर पहुंचे और उन्होंने उच्चाधिकारियों को हादसे की जानकारी दी व फोर्स मांगी। इसके बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी संतोष कुमार ड्डषसह, सिकंदराबाद एसडीएम, सीओ और देहात कोतवाली प्रभारी समेत पांच थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसा इतना भयंकर था कि सेंट्रो कार समेत पिकअप को ट्रक ने मलबे में तब्दील कर दिया। कार में फंसे तीनों मृतकों को कटर से खिड़की और डिग्गी काटकर बाहर निकालना पड़ा। मलबा हार्दवे पर पड़ा होने के कारण जाम लग गया। जिसके बाद चोला से रूट डायवर्ट करके सिकंदराबाद की तरफ को यातायात चालू कराया गया।

देवेंद्र पाठक पुत्र राजनारायण पाठक निवासी गांव व थाना नंदग्राम गाजियाबाद, अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रबूपुरा नोएड़ा, गौरव पुत्र ओमप्रकाश निवासी काशीराम कालोनी स्याना रोड देहात कोतवाली, सलामुदीन पुत्र इमामुद्दीन निवासी रबूपुरा नोएडा, फईमुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन निवासी रबुपुरा घायल हुए हैं।

बुलंदशहर-जेवर हाईवे पर जिस स्थान पर हादसा हुआ है। यहां पर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि यहां पर सिखेड़ा और नैथला गांव आसपास ही है। गांव होने के बावजूद भी लाइट की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की गई है।

जिस समय हादसे की सूचना आई। मैंने कई थानों की फोर्स को भेजा। मैं और डीएम खुद भी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वाहनों के मलबे को हटाया गया। घायलों में सभी खतरे से बाहर है। **-संतोष कुमार सिंह, एसएसपी**

पीएम मोदी 31 अक्टूबर को पटेल के जन्मदिन पर करेंगे पहली सी-प्लेन सेवा का आगाज

नई दिल्ली, एजेंसियां। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर गुजरात में पहली सी-प्लेन सेवा का आगाज करेंगे। अहमदाबाद के साबरमती फ्रंट से नर्मदा जिले के केवडिया कॉलोनी स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक शुरू हो रही इस सेवा के पहले दिन पीएम मोदी भी सफर करेंगे। उड़ान योजना के तहत स्पाइसजेट रोजाना दो सी-प्लेन फ्लाइट का संचालन करेगी। करीब आधे घंटे की इस उड़ान के लिए यात्रियों को एक तरफ से लगभग 1,500 रुपये खर्च करने होंगे। सी-प्लेन सेवा से भारतीय पर्यटन को नया आधार मिलेगा।

जहाजरानी मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ट्विन ऑट्टर 300 सी-प्लेन अहमदाबाद रिवर फ्रंट पर पहुंच चुका है। इसका वजन 3,377 किलो है और इसमें 1,419 लीटर तक ईंधन भरा जा सकता है। विमान की लंबाई 15.77 मीटर और ऊंचाई 5.94 मीटर है। यह 5,670 किलो वजन ढो सकता है। इसमें 19 यात्री सफर कर सकते हैं। पीटी61-32 इंजन वाले इस विमान को उड़ान के दौरान प्रति घंटे 272 लीटर ईंधन की जरूरत होती है। यह अन्य विमानों के मुकाबले काफी कम ऊंचाई पर उड़ सकता है। सी-प्लेन के विकास का श्रेय ऑस्ट्रेलिया के विल्हेम क्रेस को जाता है, जिन्होंने वर्ष 1898 में 30 हॉर्स पावर इंजन वाला विमान बनाया। 28 मार्च, 1910 को पहली बार फ्रांस के हेनरी फैब्रे ने पावर वाले सी-प्लेन को सफलतापूर्वक उड़ाया। सितंबर 1919 में ब्रिटिश कंपनी सुपरमरीन ने सी-प्लेन का परिचालन शुरू किया। इस प्रकार के विमान छोटे जल निकायों व छोटी हवाईपट्टी से उड़ान भरने व लैंडिंग में सक्षम हैं।

सी-प्लेन का ट्रायल वर्ष 2017 से चल रहा है। पहले चरण के तहत जमीन से उड़ान भरने वाले विमानों का ट्रायल नागपुर से गुवाहाटी के बीच किया गया। दूसरे चरण के तहत एंफीबियस विमान का ट्रायल गिरगांव चौपाटी पर किया गया। इस प्रकार के विमान धरती और पानी दोनों से उड़ान भरने व लैंडिंग में सक्षम हैं। स्पाइसजेट अब तक 18 सी-प्लेन रूट का अधिकार हासिल कर चुकी है।

केरल टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने दो जून, 2013 को कोल्लम में सी-प्लेन परियोजना की शुरूआत की थी। हालांकि, इसका व्यावसायिक परिचालन स्थानीय मछुआरों के विरोध के कारण संभव नहीं हो सका। अंडमान व निकोबार में 30ण्ध दिसंबर, 2010 को व्यावसायिक सी-प्लेन योजना की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर की गई है।

सी-प्लेन वर्ष 1930 के आसपास अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया में लोकप्रिय हो गए थे।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हुईं कोरोना संक्रमित, ट्वीट कर दी जानकारी

नई दिल्ली, एएनआइ। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। बुधवार को उन्होंने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने संपर्क में आए लोगों से कोरोना जांच कराने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया, एक घोषणा करने के लिए मुझे शब्दों को खोजना पड़ रहा है जो मेरे लिए दुर्लभ है। मैं इसे आसान कर रही हूं- मैं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हूं और निवेदन करती हूं कि मेरे संपर्क में जो भी लोग आए हैं वे कोरोना की जांच करा लें। उन्होंने पिछले दिनों बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार किया था। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई भाजपा नेता कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। पूर्व में उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, श्रीपद नायक, रामदास अठावले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्तिकांत दास भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। हाल ही में कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, अहमद पटेल, पीएल पुनिया और आरपीएन सिंह भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

बिहार चुनाव के दौरान सभी सावधानी बरतने के बावजूद कई नेता संक्रमित हो रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान अभी तक भाजपा के पांच बड़े नेता कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। पार्टी के लिए यह झटका है। इस कड़ी में शाहनवाज हुसैन से लेकर हाल में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस चपेट में आ चुके हैं। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कोरोना पॉजिटिव हुए। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि लॉकडाउन के बाद से वे लगातार काम कर रहे थे, लेकिन शायद यह भगवान की इच्छा था कि वे कुछ आराम करें। मैं कोरोना पॉजिटिव पाया गया हूं और मैंने खुद को आइसोलेशन में कर लिया है। मैं डॉक्टरों की सलाह पर सभी जरूरी दवाएं और उपचार ले रहा हूं। संपर्क में आने वाले कराएं टेस्ट बिहार चुनाव प्रभारी ने आगे ट्वीट कर लिखा कि जो भी व्यक्ति पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में रहे हैं, वे सभी कोविड-19 का टेस्ट जरूर करा लें।

पहले चरण का चुनाव प्रचार परवान चढने से पहले ही प्रमुख नेता कोरोना के चपेट में आ गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, राजीव प्रताप रूडी, उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी कोरोना पॉजिटिव हुए हैं। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय होम आइसोलेशन में चल रहे हैं। पांचों बड़े नेता पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। ऐसे में इन नेताओं के संपर्क में आने वाले कई और बड़े नेताओं के भी कोरोना पॉजिटिव होने की आशंका जताई जा रही है।

सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में बड़गाम में मारे गए दो आतंकवादी

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। बडगाम जिले के माचुवा में मंगलवार को उस समय गोलियों की आवाज गूंज उठी, जब वहां छिपे आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। देर रात तक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों को घेर रखा था, जिन्हें ढेर कर दिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। आतंकी ठिकाने के आसपास स्थित मकानों से सुरक्षाबलों ने करीब दो दर्जन लोगों को आतंकियों की गोलीबारी के बीच ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। लालचौक से करीब 12 किलोमीटर दूर माचुवा में आतंकियों को देखे जाने की सूचना मिलते ही शाम को पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी लेते हुए जवान जब अरिबाग मागरे मोहल्ले में दाखिल हुए तो एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन्हें देख लिया। आतंकियों ने जवानों की घेराबंदी तोड़ भागने के लिए पहले ग्रेनेड फेंका और फिर फायरिंग की। जवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायर कर आतंकियों के भागने के मंसूबे को नाकाम बना दिया। इसके साथ ही मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी एक मकान में छिपे हुए थे। उन्हें बार-बार सरेंडर के लिए कहा गया, लेकिन वे फायरिंग करते रहे। तंकियों के ठिकाने के आसपास के मकानों से करीब दो दर्जन लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। रात के अंधेरे में आंतंकी भागने न पाएं, इसके लिए चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए लाइट्स भी लगाई गई। आतंकियों की सही संख्या पता नहीं चल पाई,, लेकिन फायरिंग को देखते हुए आतंकी दो से तीन हो सकते हैं। आतंकियों का संबंध जैश-ए-मोहम्मद से हो सकता है।

राष्ट्रपति के आदेश पर डीयू के वीसी प्रोफेसर योगेश त्यागी को किया गया निलंबित

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो। अनियमितताओं के आरोपों से घिरे दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश त्यागी को आखिरकार निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को बतौर विजिटर मिली शक्तियों की इस्तेमाल करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से कुलपति के पद से हटा दिया है। साथ ही उन पर लगे आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की भी मंजूरी दी है। राष्ट्रपति ने यह कार्रवाई केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के बाद की है। जिसमें कुलपति की ओर लगातार बरती जा रही अनियमितताओं का विस्तृत ब्यौरा सौंपा गया था। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार विश्वविद्यालय के मौजूदा प्रो-वीसी पीसी जोशी को सौंप दिया है। राष्ट्रपति कोविंद की ओर से उठाए गए इस सख्त कदम के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार शाम को इसके आदेश भी जारी कर दिए है। साथ ही कुलपति प्रोफेसर त्यागी की ओर से मेडिकल अवकाश के दौरान लिए गए सभी फैसलों को शून्य घोषित कर दिया है। वहीं उनके पूरे कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों की भी जांच कराने का फैसला लिया गया है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ने कुलपति के खिलाफ जिन अनियमितताओं को सबसे गंभीर माना गया है, उनमें मेडिकल अवकाश के दौरान मौजूदा प्रो-वीसी और रजिस्ट्रार को हटाकर उनकी जगह नए प्रो-वीसी और रजिस्ट्रार की नियुक्ति करना था। मंत्रालय का मानना है कि मेडीकल अवकाश के दौरान उन्हें इस तरह के फैसले लेने का कोई अधिकार नहीं था। इसके बाद भी वह लगातार मंत्रालय के फैसले पर ही सवाल उठा रहे थे। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, पहले उनके खिलाफ सिर्फ उच्च स्तरीय जांच का ही फैसला लिया गया था, जिसकी राष्ट्रपति ने अनुमति भी दी थी, लेकिन मंगलवार शाम को ही प्रोफेसर त्यागी और उनकी टीम ने मंत्रालय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। जिसके बाद मंत्रालय ने कुलपति को हटाने का फैसला लिया। हालांकि यह फैसला राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में मंत्रालय ने राष्ट्रपति को मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद निलंबन का यह फैसला लिया गया।

राष्ट्रपति के पास दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के निलंबन को लेकर भेजे गए प्रस्ताव में शिक्षा मंत्रालय ने कुलपति त्यागी पर प्रशासनिक अक्षमता के भी आरोप लगाए है। जिसमें कहा गया है कि मंत्रालय की ओर से बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी उन्होंने प्रो-वीसी, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी, लेखाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, पुस्तकालयाध्यक्ष, डीन आफ कालेज, डायरेक्टर आफ साउथ कैंपस, कालेजों में प्रधानाचार्य के खाली पड़े पदों को जानबूझ कर लंबे समय तक खाली रखा। इसके साथ ही वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल को लेकर होने वाली बैठक में शामिल नहीं हो रहे थे।

सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

भ्रष्टाचार के मामले में केस दर्ज कर सीबीआइ को जांच का आदेश देने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसके अलावा उत्तराखंड सरकार ने भी विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। रावत ने हाईकोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए याचिका में कहा है कि वह चुने हुए मुख्यमंत्री हैं और राजनैतिक लाभ लेने के लिए इस विवाद में बेवजह उनका नाम घसीटा गया है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गत 27 अक्टूबर को पत्रकार उमेश शर्मा की याचिका पर फैसला सुनाते हुए मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो के संबंध में दर्ज मामला रद कर दिया था। सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो के संबंध में सेवानिवृत प्रोफेसर हरेंद्र सिंह रावत ने उमेश शर्मा के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई थी। हाईकोर्ट ने आदेश में उक्त एफआइआर को रद करने के साथ ही सीबीआइ को पत्रकार की याचिका में लगाए गए आरोपों पर मामला दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया था।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत और प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हाईकोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए याचिका में यह भी कहा है कि उमेश शर्मा की हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में उनके (त्रिवेन्द्र सिंह रावत) खिलाफ किसी भी तरह की जांच या सीबीआइ जांच की मांग नहीं की गई थी। याचिका में उमेश ने सिर्फ यह मांग की थी कि उसके खिलाफ देहरादून में दर्ज एफआइआर 0265-2020 रद की जाए। हाईकोर्ट ने अप्रत्याशित ढंग से



उस याचिका पर फैसला सुनाया...

याचिका में दलील दी गई है कि हाईकोर्ट ने न केवल उमेश के खिलाफ दर्ज एफआइआर रद की बल्कि उनके (त्रिवेन्द्र सिंह रावत) के खिलाफ सीबीआइ को भ्रष्टाचार के आरोपों में एफआइआर दर्ज करके जांच करने का भी आदेश दिया जो कि बिल्कुल गलत और आधारहीन है क्योंकि जो आरोप लगाए गए हैं वे पहली निगाह में फर्जी और आधारहीन हैं। मुख्यमंत्री की याचिका मे कहा गया है कि उमेश शर्मा ने हाईकोर्ट में स्वीकार किया था कि उसने डॉ. हरेन्द्र सिंह रावत और सविता रावत के जरिये रिश्वत लेने के और उनके मुख्यमंत्री के रिश्तेदार होने के गलत आरोप लगाए थे।

याचिका में आगे कहा गया है कि इसके बावजूद हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ सीबीआइ जांच के आदेश दिए। यहां तक कि हाईकोर्ट में उन्हें पक्षकार भी नहीं बनाया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ जांच का आदेश देने से पहले उनका पक्ष सुनना भी जरूरी नहीं समझा... ऐसे मे हाईकोर्ट का आदेश बना रहने लायक नहीं है। हाईकोर्ट का आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है।

याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ०?हाट्स एप पर हुए कन्वरशेसन के आधार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। वहीं उत्तराखंड सरकार की याचिका में भी हाईकोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए कहा गया है कि उमेश शर्मा के खिलाफ फजीर्वाड़ा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज था। उस पर गंभीर आरोप थे। हाईकोर्ट को एफआइआर रद करने की अपनी सन्निहित शक्ति का इस्तेमाल विरले मामलों में करना चाहिए। हाईकोर्ट का एफआइआर रद करने और सीबीआइ को अन्य मामला दर्ज कर जांच करने का आदेश देना ठीक नहीं है।

बता दें कि सेवानिवृत प्रोफेसर हरेन्द्र सिंह रावत ने देहरादून के राजपुर थाने में उमेश शर्मा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, दस्तावेजों की कूट रचना और गलत तरीके से बैंक खातों की जानकारी हासिल करने का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि उमेश ने सोशल मीडिया पर वीडियो डाला था जिसमें प्रोफेसर रावत और उनकी पत्नी सविता रावत के खाते में नोटबंदी के दौरान झारखंड के अमृतेश चौहान ने 25 लाख रुपये की रकम जमा कराई थी। 25 लाख की यह रकम रावत को देने को कहा गया।

कथित वीडियो में सविता रावत को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की सगी बहन बताया गया था। प्रोफेसर रावत के अनुसार सभी तथ्य असत्य हैं और उमेश ने फजीर्वाड़ा करके उनके बैंक के कागजात बनवाए। बैंक खाते की सूचना भी गैरकानूनी तरीके से हासिल की। बता दें कि उमेश शर्मा ने उक्त एफआईआर रद कराने के लिए हाईकोर्ट में उक्त याचिका दाखिल की थी जिस पर नैनीताल उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है। इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुख्यमंत्री और राज्य सरकार दोनों पहुंची हैं।

भारत में नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 30 नवंबर तक बंद, इन फ्लाइट्स को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, प्रेट्र। देश में नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पाबंदी फिलहाल 30 नवंबर तक आगे बढ़ा दी गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बुधवार को कोरोना वायरस महामारी के चलते नियमित अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानों के निलंबन को 30 नवंबर तक आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय कार्गो विमान और विशेष विमानों समेत वंदे भारत मिशन के तहत चलने वाले विमानों का संचालन जारी रहेगा। भारतीय विमानन नियामक ने एक परिपत्र में कहा कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को चुनिंदा मार्गों पर अनुमति दी जा सकती है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण 23 मार्च

से भारत में नियमित अंतरराष्ट्रीय यात्री विमान सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन मई महीने से ही विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जैसे वंदे भारत मिशन के तहत और जुलाई महीने से चुनिंदा देशों के साथ द्विपक्षीय 'एयर बबल' व्यवस्था के तहत कुछ विमान संचालित किए जा रहे हैं। भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, केन्या, भूटान और फ्रांस सहित लगभग 18 देशों के साथ 'एयर बबल' समझौते किए हैं। इसके तहत दो देशों के बीच एक एयर बबल पैक्ट के तहत विशेष अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को उनके क्षेत्र के बीच उनकी एयरलाइंस द्वारा संचालित किया जा सकता है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के परिपत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह निलंबन अंतर्राष्ट्रीय ऑल-कार्गो संचालन और विशेष विमानों के संचालन को प्रभावित नहीं करता है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की स्थिति के बीच भारत में कोरोना लॉकडाउन के दो महीने के बाद 25 मई को नियमित घरेलू यात्री उड़ानें फिर से शुरू हुईं थी। गौरतलब है कि कोरोना को देखते हुए गृह मंत्रालय की ओर से अनलॉक-5 की गाइडलाइंस जारी की गई है। गृह मंत्रालय ने कोरोना गाइडलाइंस के मद्देनजर 30 सितंबर को जो आदेश लागू किया था, उसे अब 30 नवंबर 2020 तक प्रभावी रखा है। इसके तहत 30 नवंबर तक कंटेनमेंट जोन में लॉकडाउन को सख्ती से लागू किया जाएगा।

कर्नाटक संपर्क क्रांति से गिरा 10 साल का बच्चा, हंगामा



सागर, राज्य ब्यूरो। नई दिल्ली से यशवंतपुर जा रही कर्नाटक- संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से बुधवार शाम को 10 साल का बच्चा मंडीबामोरा से कुरवाई कैथोरा स्टेशन के बीच गिर गया। पता चलने पर माता--पिता ने चेन खींचकर ट्रेन को रोका। अन्य यात्रियों ने गाड़ी वापस लेने के लिए हंगामा किया, काफी देर बाद यात्री बमुश्किल माने। इधर, भोपाल से बीना की तरफ जा रही मालगाड़ी के स्टाफ ने ट्रैक पर पड़े बच्चे के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी।

गाड़ी संख्या 2630 नई दिल्ली-यशवंतपुर कर्नाटक एक्सप्रेस बुधवार शाम पांच बजे के बाद बीना स्टेशन से नॉन स्टाप भोपाल के लिए निकली। ट्रेन से सवा पांच बजे के करीब 10 साल का बच्चा गिर गया। उस दौरान ट्रेन की गति करीब 110 किमी प्रति घंटा थी। ट्रेन रकने तक वह घटनास्थल से 15 किमी दूर कल्हार स्टेशन के आगे निकल चुकी थी। यात्रियों ने हंगामा किया और ट्रेन को वापस ले जाने की मांग करने लगे। इस बीच कल्हार स्टेशन से स्टाफ मौके पर पहुंचा। ट्रेन स्टाफ और स्टेशन स्टाफ ने बच्चे के परिजनों को समझाया और कहा कि वह ट्रैक पर चलने वाली गाड़ियों के स्टाफ से दिखवाएंगे। काफी समझाइश पर स्वजन माने और वे कल्हार स्टेशन पहुंच गए।

संक्षेप समाचार

वांछित आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

नैनी। इलाकाई पुलिस ने भड़रा निवासी दीपक पाल को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वह एक मुकदमें में वांछित चल रहा था। उसके अलावा भी उस पर कई शिकायतें हैं। इंस्पेक्टर नैनी जीतेंद्र सिंह ने बताया कि दीपक पाल को लाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वह जमीन का कारोबारी है। वह पहले से दर्ज एक मामले में वांछित चल रहा था। उसके अलावा उस पर कई अन्य शिकायतें भी हैं।

घूरपुर का युवक आटो से सवारी लेकर एमपी के लिए निकला दुर्घटना में हुई मौत, कोहराम

घूरपुर। घूरपुर कस्बा निवासी बबलु केसरवानी (24) पुत्र रामायण प्रसाद उर्फ पप्पू आटो चालक है। रोज के भांति बुधवार की सुबह आटो लेकर निकला और नैनी के डांडी ढाल से बुकिंग पर सवारी मध्य प्रदेश के गढ़ कटरा लेकर जा रहा था कि गढ़ कटरा के करीब पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे आटो मे बैठे सभी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को नई गढ़ी अस्पताल ले गए जहां पर डाक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। बबलू की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन भी उक्त अस्पताल में आननफानन पहुंच गए। आटो चालक की मौत से बाजार में मातम छा गया।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित पिकअप, एक की मौत

फूलपुर। तेज रफ़्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे ब्यक्ति को शहर के लिए रेफर कर दिया गया।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलहन गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप आनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात लगभग 11बजे एक तेज रफ्तार पिकअप फूलपुर से प्रतापगढ की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी अभी वह क्षेत्र के मैलहन गांव के पास पहुंची थी कि अचानक आनियंत्रित होकर एक नीम के पेड़ से टकरा गई । जिसमें चालक मोहम्मद अरसद अंसार 40 निवासी घोसियाना सिटी प्रतापगढ एवं उसका साथी बादल 45 गम्भीर रूप से घायल हो गए ।चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायलों को सी एच सी फूलपुर में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने बादल को मृत घोषित कर दिया और चालक को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

पेड़ से टकरान के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप

खड़ी ट्रक में टकराकर बाइक सवार की मौत

नारीबारी। थाना शंकरगढ़ अन्तर्गत नारीबारी चैकी से लगभग 500 मीटर दूरी पर रीवां राजमार्ग पर बुधवार भोर में रीवां की तरफ से आ रहा बाइक सवार रीवां राजमार्ग पर ही खडी. ट्रक में अचानक अनियंत्रित होते हुए जा टकराया जिससे मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गयी और पीछे बैठे दो अन्य साथी गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनकी हालत गम्भीर बनी हुई है फिल हाल प्रयागराज के हास्पिटल में उनका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवीण तिवारी पुत्र जनार्दन तिवारी उम्र 30 वर्ष निवासी कोर्ट ,थाना नईगढ़ी, जो कि फौज में नौकरी करता है और इस समय छुट्टी पर घर आया था बताया जाता है कि वह अपने दो अन्य साथियों राजेश तिवारी पुत्र जनार्दन तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी कोर्ट ,थाना नईगढ़ी जिला रीवां व राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पुत्र बनवारी उम्र 34 वर्ष निवासी पटना थाना बैकुन्ठपुर के साथ प्रयागराज की ओर फिर से छुट्टी काट कर नौकरी मे लौट रहा था अचानक जैसे ही नारीबारी चैकी के 500 मी0 की दूरी पर पहूँचता है कि पीछे से एक खडी.बिगड़ी हुई ट्रक से जा भिड़ा जिससे मौके पर ही प्रवीण कुमार की मृत्यु हो गयी और दो साथी बुरी तरह से घायल हो गये जहां मौके पर नारीबारी चैकी इन्चार्ज जगदीश कुमार अपने हमराहियों के साथ पहुँच कर घायलों को अस्पताल पहुँचाया तथा घटना की सूचना घायलो व मृतक के घर पहुँचायी गयी तथा लिखा पढ़ी के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया।

घूरपुर मे दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक खलासी गंभीर रूप से घायल

घूरपुर। क्षेत्र के सारंगापुर हाईवे पर दो ट्रको की भिड़ंत हो गई जिसमे एक ट्रक के चालक खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो घायलो को इलाज के लिए जसरा सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान हाईवे पर वाहनो की कतार लग गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटा रास्ता दिया तब जाकर सुचारू रूप से यातायात शुरू हो सका। जनपद आजमगढ़ के थाना तहवापुर निवासी ट्रक चालक अर्जुन यादव (45)व खलासी अनिल यादव (30)मंगलवार के दिन मध्य प्रदेश के कटनी से गल्ला लादकर आजमगढ़ के निकले थे कि रात दो बजे घूरपुर के सारंगापुर बाजार के हाईवे पर पहुंचे ही थे कि आगे जा रही ट्रक अचानक ब्रेक ले ली तो पीछे आ रही अर्जुन यादव की ट्रक आगे की ट्रक से जोरदर भिड़ंत हो गई। जिसमें ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक चालक व खलासी दोनो घायल होकर केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो घायलो को केविन काटकर बाहर निकाल इलाज के लिए जसरा सीएचसी भर्ती कराया। बीच हाईवे पर घटना हो जाने से यातायात बाधित हो गई और वाहनो की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त एक ट्रक को हाईवे से हटाया तब जाकर यातायात शुरू हो सका।

एक नवंबर से पूरी तरह खोलें विश्वविद्यालय

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर छात्रनेता अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में अनशन जारी रहा। अजय ने विश्वविद्यालय को पूर्णतया एक नवंबर से खोलने की मांग की।

अखिलेश गुप्ता गुड्डू ने कहा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं ऑनलाइन कक्षाएं सुचारू रूप से नहीं ले पा रहे हैं इसलिए शिक्षण का स्तर बनाए रखने के लिए एक नवंबर से विश्वविद्यालय को खोल दिया जाए जिससे कि सभी छात्र छात्राएं अपना अध्ययन अध्यापन सुचारू रूप से कर सकें। इसके लिए छात्रों ने कुलपति प्रो. आरआर तिवारी, रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर छात्र नेता नवनीत यादव, मोहम्मद मकसूद अंसारी, मोहम्मद सलमान, आनंद, मोहम्मद जैद, गोलू, मयंक प्रसाद, चंदन चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

लेग्गो ग्लोबल संस्था द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

महिलाओं को जागरूक करते कौशल राज श्रीवास्तव

जसरा। जसरा में लेग्गो ग्लोबल संस्था द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में विधिवत जानकारी दिया तथा महिलाओं को जागरूक भी किया ।

गुरुवार को संस्था के कौशल राज श्रीवास्तव ने बुधवार को जसरा में आयोजित एक बैठक में उपस्थित महिलाओं को औषधियों के उपयोग से स्वस्थ्य रहने के विषय में जानकारी दी तथा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया । उन्होंने कहा कि आज 10 में से 8 महिलाएं किसी भी रूप में स्वस्थ्य नहीं हैं। महिलाओं में खून की कमी जैसे रोग आम हो गए हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्वाती रजक, हेमलता, सुनीता देवी, उमा देवी, पूनम विश्वकर्मा, सविता देवी, उमा देवी, पवन पटेल, रघुपति कनौजिया आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम हुआ समाप्त

नवाबगंज। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। इस प्रशिक्षण के माध्यम में कार्यकर्ताओं को पिछले 6 सालों में हुये अन्त्योदयी प्रयास, सरकार की उपलब्धियां, भारत की सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत, सोशल मीडिया का उपयोग, हमारी कार्यपद्धति एवं संगठन सरंचना में हमारी भूमिका, प्रदेश में भाजपा सरकार की उपलब्धियां विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखा। जिसमें 5 सत्र चलाया गया और वक्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश मौर्य,सदस्य जिला कार्यसमिति देवी प्रसाद पांडेय, जिला सह संयोजक आईटी अमित ओझा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र गिरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल राजू पाल व संचालन मंत्री ऋतु राज पांडेय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राम कैलाश सरोज, इन्द्र राज यादव, तुलसीराम सरोज, गौरी शंकर मिश्र, वरिष्ठ नेता सुभाष उपाध्याय गप्पू, सूर्य प्रकाश पांडेय, राजू पांडेय,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, अशोक शंकर मिश्र, जय प्रकाश पांडेय, ललित साहू, राजन दुबे आदि रहे।

छप्पर व गोमटी में लगी आग, सामान जलकर राख

भुक्तभोगी ने गांव के एक व्यक्ति को बनाया आरोपी

नवाबगंज के अंधियारी गांव की घटना जांच में जुटी पुलिस

नवाबगंज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधियारी गांव के सामने लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल स्थित छप्पर व पनपट्टी की गोमती में बीती रात 1:00 बजे अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर तो काबू पाया जा सका लेकिन सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी ने जिसकी शिकायत पुलिस चौकी लालगोपालगंज में की है। साथ ही गांव के एक व्यक्ति को इस घटना का आरोपी बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक अंधियारी गांव निवासी ओमकार नाथ पुत्र स्वर्गीय बोडर अंधियारी चौराहे पर छप्पर डालकर एक गुमटी में पनपट्टी व चाय की दुकान चलाता है। बताया जाता है कि बुधवार बीती रात तकरीबन 1:00 बजे अचानक छप्पर में आग लग गई देखते ही देखते आग इतनी विकराल रूप ले ली कि ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर तो काबू पाया जा सका लेकिन सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पीड़ित का कुनबा मौके पर पहुंचा दो सारा सामान जलकर राख देखते ही पीड़ित के होश फाख्ता हो गए और बिलख बिलख कर रोने लगा। भुक्तभोगी ने बुधवार सुबह इसकी शिकायत लालगोपालगंज पुलिस चौकी में की है। चौकी में दिए गए प्रार्थना पत्र में गांव के एक शख्स को इस घटना का आरोपी बनाया है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी लालगोपालगंज आशुतोष तिवारी अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर मौका मुआयना किया है।

छप्पर में लगे आग का दृश्य

तालाब पर बने दो दर्जन से अधिक मकानों पर चला बुलडोजर

सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी के साथ कई थानों की फोर्स रही मौजूद, दो दर्जन से अधिक लोगों को तहसील प्रशासन ने दिया आवासीय पट्टा

मकान ढहाता जेसीबी

अपने सामानों को समेटते लोग

मौजूद पुलिस प्रशासन

शंकरगढ़। विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम सभा कल्याणपुर स्थित देवखरिया तालाब पर किए गए अतिक्रमण को बुधवार को तहसील प्रशासन द्वारा ढहवा द्वारा दिया। तालाब पर 30 लोगों ने कब्जा कर मकान बनवा रखा था। इसके लिए तहसील प्रशासन ने सभी कब्जा धारकों को दूसरी जगह पट्टा देकर बसा दिया है।तहसीलदार बारा डॉ विशाल शर्मा ने बताया कि तालाब पर कब्जा करने वाले लोगों को आवासीय पट्टा पिछले 12 अक्टूबर को ही दे दिया गया था इस संबंध में हाईकोर्ट का भी आदेश था कि तालाब पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए।बारा तहसील की कानूनगो प्राची केसरवानी ने बताया कि देवरिया तालाब काफी प्राचीन है इसके बड़े भूभाग पर दो दर्जन से अधिक लोगों ने कब्जा कर कच्चे-पक्के मकान का निर्माण करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर तहसील प्रशासन ने सभी को नोटिस जारी कर सभी को कब्जा हटाने के लिए निर्देशित किया था। बताया जाता है कि हाईकोर्ट ने भी इस संबंध में जिला और तहसील प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। इसके बाद तहसील प्रशासन ने सभी कब्जा धारकों को दूसरी जगह पर पट्टा आवंटित कर कागजात सौंपा। बुधवार को तालाब पर बने सभी मकानों को खाली कराने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी संख्या में पीएसी के साथ बारा, खीरी, लालापुर, कौंधियारा, शंकरगढ़ आदि थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही। वही तहसील प्रशासन में उपजिलाधिकारी बारा गौरव रंजन श्रीवास्तव, तहसीलदार बारा डॉ विशाल शर्मा, कानूनगो प्राची केसरवानी, लेखपाल गंगा प्रसाद, दुर्गा प्रसाद मुन्नीलाल, थानाध्यक्ष शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

ब्रह्मलीन हो गए आचार्यबाड़ा के महामंत्री स्वामी चंद्रभूषणाचार्य

प्रयागराज। 30 साल से श्रीरामानुज संप्रदाय के आचार्यबाड़ा श्रीरामानुजनगर प्रबंध समिति के महामंत्री पद का निर्वाहन कर रहे रामानुजाचार्य स्वामी चंद्रभूषणाचार्य बुधवार की भोर में ब्रह्मालीन हो गए। श्रीलक्ष्मीनारायण देवास्थान मंदिर तुलारामबाग में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह इस मंदिर के पीठाधीश्वर थे। दारागंज श्मशान घाट पर तमाम संतों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार हुआ। शिष्य भोलेदास ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। स्वामी चंद्रभूषणाचार्य 20 अक्टूबर को राजस्थान से अनुष्ठान करके लौटे थे। तब से स्वास्थ खराब था। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में जन्मे स्वामी चंद्रभूषणाचार्य ने 1980 में बलराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज से संन्यास की दीक्षा ली थी। संन्यास के लेने के बाद वो प्रयागराज आ गए थे। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर निर्माण, गो हत्या रोकने, गंगा की निर्मलता जैसे आंदोलनों में सक्रिय रहे। श्रीरामानुजनगर प्रबंध समिति का 1990 में महामंत्री बनने के बाद उन्होंने आचार्यबाड़ा का वैभव बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। इसी कारण निर्विवाद रूप से लंबे समय तक महामंत्री बने रहे। रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य ने चंद्रभूषणाचार्य के ब्रह्मालीन होने को सनातन धर्म की अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि सनातन धर्म के लिए उन्होंने सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। संत व सनातन संस्कृति का वैभव बढ़ाने के लिए जीवनपर्यंत सक्रिय रहे। जगद्गुरु स्वामी श्रीधराचार्य, स्वामी अच्युतप्रपन्नाचार्य, बटुक जी महाराज, सारंगधराचार्य, अनिल बाबा ने भी शोक प्रकट किया। वहीं, स्वामी चंद्रभूषणाचार्य के ब्रह्मालीन होने पर त्रिवेणी मठ मंदिर बचाओ समिति की शोकसभा त्रिवेणी बाध स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें फूलचंद्र दुबे, राजेंद्र पालीवाल, सुनील वाजपेयी, राजेश तिवारी, संतोष भारद्वाज, प्रकाशचंद्र दुबे, डॉ. वीके सिंह शामिल रहे।

ससुरालीजनों ने विवाहिता से दूधमुंहे बच्चे को छीन बेरहमी से मारपीट कर घर से भगाया

घूरपुर। इलाके के सेमरा बसवार गांव में दहेज की डिमांड नही पूरा कर पाने में असमर्थ विवाहिता को ससुरालियों ने लाठी डंडे लात घूसों से बेरहमी से जमकर पिटाई कर दुधमुंहे बच्चे को छीन घर से भगा दिया। घायलावस्था में किसी तरह विवाहिता अपने मायके पहुंच मामले को बता अपने मां के साथ थाने पहुंच शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। नैनी थाना क्षेत्र के महेवा निवासी आशा भारतीय पत्नी स्व. भागीरथी ने अपनी बेटी श्रद्धा की विवाह एक वर्ष पूर्व सेमरा बसवार गांव निवासी बल्लू भारतीय पुत्र श्याम सुंदर के साथ अपने समर्थ के साथ दहेज आदि देकर की थी। कुछ माह बाद पति समेत ससुरालीजन फ्रिज टीवी, एलसीडी की डिमांड करने लगे। मायका गरीब होने के कारण डिमांड नही पूरी कर सके तो ससुरालजन श्रद्धा को प्रताड़ित कर रोजना मारपीट करने लगे। कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल पक्ष नही माने ।इस बीच एक बच्चे का जन्म हुआ तो विवाहिता सोची की अब सब कुछ ठीक हो जाऐगा। लेकिन हालात बद से बदतर होती गई।बुधवार की सुबह सभी हदे पार करते विवाहिता को कई लोग मिलकर लाठी डंडे लात घूसों से बेरहमी से मारपीट कर 8माह के दुधमुंहे बच्चे को छीन घर से भगा दिया। किसी तरह घायलावस्था में हो मायके पहुंच इलाज करवा थाने पहुंच पति समेत पांच लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

पंचायत भवन की जमीन न चिन्हित करने पर प्रधान संघ ने उपजिलाधिकारी हंडिया का किया घेराव

हंडिया। हंडिया विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामसभा कटहरा में पंचायत भवन की जमीन चिन्हित न करने को लेकर प्रधान संघ ने ब्लाक प्रमुख हंडिया रामफल भारती की अगुवाई में उप जिलाधिकारी हंडिया का घेराव कर तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए उनकी मांग थी। ग्राम पंचायत कटहरा में पिछले 5 महीने से पंचायत भवन बनाने के लिए जमीन चिन्हित नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर महिला ग्राम प्रधान पिछले 5 महीने से जिम्मेदार अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रही है। लेकिन किसी अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए। जाने के बाद आज प्रधान संघ अध्यक्ष पवन कुमार की अगुवाई में उप जिलाधिकारी हंडिया को चेतावनी भरे शब्दों में कहा गया। अगर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो प्रधान संघ अध्यक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होगा। उक्त मौके पर प्रधानसंघ अध्यक्ष पवन यादव,जिलापंचायत सदस्य अतरसिंह यादव सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

आरओ-एआरओ प्री- परीक्षा 2016 का परिणाम जारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से बीती 20 सितम्बर हुई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2016 (आरओ-एआरओ)की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया है। आयोग सचिव जगदीश ने बताया कि आरओ-एआरओ परीक्षा 2016 में 385122 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से प्रारंभिक परीक्षा में 140301 अभ्यर्थी शामिल हुये थे। परीक्षा परिणाम में कुल 5754 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। सचिव ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा की जानकारी जल्द ही आयोग द्वारा दी जायेगी। इसके साथ ही प्रश्नगत परिणाम से सम्बंधित तथा श्रेणीवार कट ऑफ अंक अन्तिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

उपजिलाधिकारी हण्डिया का घेराव करते प्रधान संघ

प्रयागराज हलचल

संक्षेप समाचार

2 नवंबर से आयोजित हो रहा तीन दिवस 'राष्ट्रीय गंगा उत्सव

प्रयागराज। नमामि गंगे की ओर 2-4 नवंबर तक वार्षिक कार्यक्रम 'राष्ट्रीय गंगा उत्सव' का आयोजन डिजिटल तरीके से किया जाएगा । अपने हितधारकों का उत्साहवर्द्धन करने एवं गंगा नॉलेज सेंटर में सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नमामि गंगे हर वर्ष 4 नवंबर को गंगा के राष्ट्रीय नदी घोषित करने के दिवस के रूप में मनाता रहा है। यह उत्सव कथाओं, लोककथाओं, प्रख्यात व्यक्तित्वों के साथ संवादों, क्विज, प्रसिद्ध कलाकारों, नृत्य दीघाओं, संगीत व पारंपरिक कलाकृति-प्रदर्शन द्वारा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक नदी गंगा का जश्न मनाता रहा है। इस वर्ष यह उत्सव गंगा किनारे रची-बसी सांस्कृतिक समृद्धि का भी उल्लास मनाएगा! तीन दिन उत्सव में गंगा फिल्म फेस्टिवल, गंगा डायलॉग, मिनी गंगा क्विज ,कहानी जंक्शन ,नृत्य संगीत, के साथी गंगा से जुड़े कार्यक्रम होंगे । नेहरू युवा केंद्र,प्रयागराज की नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में किया जा रहा है । इसका संयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा कर रहे हैं ।इस बार कार्यक्रम में सद्गुरु जग्गी वासुदेव ,गायक कैलाश खेर, अभिनेता राजीव खंडेलवाल, पद्मभूषण अनिल जोशी, नीलेश मिश्रा ,आनंद नीलकांतन ,राजीव मल्होत्रा , त्रिचुर ब्रदर्स व कबीर कैफे से जुड़ी मशहूर हस्तियां शामिल होंगी । नमामि गंगे का प्रयास कार्यक्रम के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता के दिशा से ज्यादा से ज्यादा लोगों खासकर युवाओं और छात्रों को जोड़ना है कोशिश है कि देश के अन्य नदियों को भी प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने में योगदान दिया जा सके। नेहरू युवा केंद्र के सभी स्वयं सेवक, युवा मंडल, गंगा दूत, स्पीयर हेड टीम मेंबर को इस गंगा उत्सव में भाग लेने के जागरूक किया जा रहा है ।

ग्रामीण स्तर की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की तैयारी.

प्रयागराज। खेल एवं स्वास्थ्य के लिए कार्य करने वाली संस्था "टीचर्स गेम्स वेलफेयर एसोसिएशन,उ.प्र." अब ग्रामीण स्तर पर छिपी हुई प्रतिभाओं को तलाश कर खिलाड़ियों को खेल एवं प्रशिक्षण की मुख्य धारा में जोड़ने की योजना बना रही है। अब ग्रामीण/कस्बे/मुहल्ले के हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों की कबड्ड़ी,खो-खो, एथलेटिक्स, वालीबाल, फुटबॉल, हॉकी,बैडमिंटन आदि खेलों का ब्लाक स्तर से नेशनल स्तर तक प्रतियोगिता एवं ट्रायल्स के माध्यम से खिलाड़ियों को चिन्हित करने का कार्य किया जाएगा। उत्तर प्रदेश टीचर्स गेम्स एसोसिएशन की सदस्य व वॉलीबाल प्रदेश प्रभारी(महिला वर्ग) मोनिका (एटा जनपद) ने बताया कि ऐसे तमाम बच्चे हैं जो स्कूल गेम्स या यूनिवर्सिटी गेम्स से दूर है और उन्हें अवसर नही मिल पा रहा अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन का,लेकिन स्थानीय स्तर पर होने वाली प्राइजमनी या मेमोरियल प्रतियोगिताओं में वे प्रतिभाग व प्रदर्शन करते हैं।

जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

बैठक में विधायक कोरांव ने भूमि संरक्षण इकाई द्वारा कोरांव क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा सुझाव भी दिए

बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य विकास अधिकारी

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक कोरांव राज मणि कोल ने भी प्रतिभाग किया। भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश द्वारा बताया गया कि जनपद में मनरेगा अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का चयन कोरांव, मेजा, शंकरगढ़ के कृषि की दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में किया गया है। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत खेत तालाबों के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है। जनपद में इस योजना के तहत 45 खेत तालाबों के निर्माण का लक्ष्य है। समिति की बैठक में विधायक कोरांव ने भूमि संरक्षण इकाई द्वारा कोरांव क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा सुझाव भी दिए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मत्स्य तथा उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ भी खेत तालाब के लाभार्थियों तक पहुँचने का निर्देश दिया। उप कृषि निदेशक श्री विनोद कुमार द्वारा पंजीकरण करा के कृषकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित जिला कृषि अधिकारी डा. अश्विनी कुमार व जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रजीत यादव द्वारा भी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिए गए। जिला उद्यान अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) तथा वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रदेश की तकनीकी शिक्षा, डिजिटल प्रक्रिया की ओर

प्रयागराज। भारत सरकार की डिजिटल इण्डिया के अनुक्रम में प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा एवं निर्देशन में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा अन्तिम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा (अन्तिम वर्ष) बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा सितम्बर, 2020 परीक्षा के प्रश्नपत्रों का प्रथम बार डिजिटल रूप में (ऑनलाइन) संप्रेषण परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक किया गया। प्रदेश के 186 परीक्षा केन्द्रों पर 25 सितम्बर से 12 अक्टूबर, 2020 के मध्य संचालित परीक्षा में 75000 परीक्षार्थियों ने सम्मिलित होकर निष्पक्ष ढंग से ऑनलाइन परीक्षा दी है।

डिजिटली परीक्षा कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के संप्रेषण का होता है। परीक्षा केन्द्रों को ऑनलाइन प्रश्नपत्र संप्रेषित किये जाने की प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए ए0के0टी0यू0 लखनऊ के सहयोग से लगातार मॉक टेस्ट की प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें ऑनलाइन प्रश्नपत्र संप्रेषण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। प्रदेश में 103 राजकीय, 18 अनुदानित एवं 65 निजी क्षेत्र की कुल निर्धारित 186 परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा सम्पादित की गई। डिजिटल परीक्षा कराने पर काफी राजस्व और समय की बचत भी हुई। क्योंकि ऑफलाइन परीक्षा कराने से प्रिंटिंग प्रेस से प्रश्नपत्र छपवाना, उसे सुरक्षा में परीक्षा केन्द्रों तक भेजने के लिए वाहन की व्यवस्था, कार्मिक लगाना आदि कार्यों में धन एवं समय लगता है। ऑनलाइन परीक्षा कराने से भारी मात्रा में राजस्व की बचत हुई साथ ही समय की भी बचत हुई और परीक्षा कार्य में लगे कार्मिकों को भी सुविधा हुई।

प्रदेश में उत्तर पुस्तिकाओं को पहली बार डिजिटल मूल्यांकन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन केन्द्रों पर भारी वाहन से उत्तर पुस्तिकाएं भेजने पर जो धनराशि व्यय होती थी, अब उस धनराशि की बचत होगी। डिजिटल मूल्यांकन पद्धति अपनाने से मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। परीक्षक अपनी परीक्षक लॉगिन आई0डी0 से प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अपनी सुविधानुसार कहीं से भी कर सकते हैं।

प्रदेश सरकार ने कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2020-21 की 23 जनपदों में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया है। पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा के इतिहास में पहली बार 15 सितम्बर, 2020 को 23 जनपदों के निर्धारित 117 परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 20827 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। ऑनलाइन परीक्षा होने से रिजल्ट भी शीघ्र आ गया है। ऑफलाइन परीक्षा भी प्रदेश के 75 जनपदों के 927 परीक्षा केन्द्रों पर कराई गई थी। प्रदेश सरकार द्वारा प्राविधिक शिक्षा की इस वर्ष की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की सफलता को देखते हुए अगले वर्ष की सम्पूर्ण प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराने की व्यवस्था कर रही है। डिजिटल इण्डिया की ओर प्रदेश के बढ़ते कदम से काफी राजस्व व समय की बचत होगी।

पिछले साल के मुकाबले अधिक माल लदान कर आगरा भारतीय रेलवे के शीर्ष दो मंडलों में शामिल

निरंतर बढ़ोत्तरी के साथ उत्तर मध्य रेलवे द्वारा नवंबर 2020 में पिछले साल के लोडिंग स्तर को पार करने की तैयारी

प्रयागराज। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत 27 अक्टूबर 2020 को उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल ने पिछले साल के माल लदान को पार कर लिया है और चालू वित्त वर्ष में अब तक यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय रेल के शीर्ष दो मंडलों में शामिल हो गया है । 27 अक्टूबर 2020 तक, आगरा डिवीजन ने चालू वित्त वर्ष में 2.50 मिलियन टन फ्रेट लोड किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए 2.49 मिलियन टन से अधिक है। सभी तीन मंडलों से लोडिंग में निरंतर बढ़ोत्तरी के साथ, एनसीआर ने पिछले 04 महीनों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक फ्रेट लोड किया है और अक्टूबर 2020 में अक्टूबर 2019 की तुलना में 27% से अधिक की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। लॉकडाउन के कारण चालू वित्त वर्ष के अप्रैल और मई महीनों में पिछले वर्ष के लोडिंग के मुकाबले में 8.4 लाख टन की कमी आई थी, लेकिन, बी० डी० यू० के विपणन प्रयासों, कुशल ट्रेन संचालन और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के मदद से ये अंतर ना केवल घटा है बल्कि नवंबर 2020 तक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा पिछले साल की लोडिंग को पार कर जाने की उम्मीद है । पिछले साल के 8.81 मिलियन टन फ्रेट के मुकाबले इस वर्ष 27 अक्टूबर तक, उत्तर मध्य रेलवे ने 8.45 मिलियन टन फ्रेट लोड किया है, और शुरू के महीनों के 8.4 लाख टन के अंतर को घटाकर 3.6 लाख टन के स्तर पर ला दिया है और अगले एक महीने के भीतर पिछले साल लोडिंग को पार कर जाने की ओर अग्रसित है।

जल्द नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करते अभ्यर्थी

अंग्रेजी और विज्ञान शिक्षकों की नियुक्ति जल्द हो

प्रयागराज। माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी पीजीटी में अंग्रेजी और विज्ञान विषयों में जल्द नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड पर बुधवार को प्रदर्शन किया।

चयन बोर्ड दफ्तर पर पहुंचे अभ्यर्थियों ने कहा कि चयन के बावजूद उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही है। नए सत्र में अंग्रेजी और विज्ञान विषयों में टीजीटी-पीजीटी के चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाए। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा।

नई शिक्षा नीति 2020 में 'नो योर चाईल्ड' विषय पर वेबिनार का आयोजन

प्रयागराज। नई शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में 'नो योर चाईल्ड (अपने बच्चों को जाने) विषय पर राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) प्रयागराज, तीन दिवसीय वेबिनार का आयोजन दिनांक 29-31 अक्टूबर 2020 के मध्य आयोजित कर रहा है। हमारे बच्चों में अनेक प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं। उनके अन्दर उपलब्ध मानसिक सामाजिक, मूल्य, संस्कार एवं कलात्मक प्रतिभाओं के साथ-साथ सम्प्रेषण, भाषा, साक्षरता तथा अंकगणितीय और शारीरिक क्षमताओं के विकास की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति 2020 में इन आयामों को शामिल करते हुये नीति का निर्माण इस प्रकार से किया गया है कि जिससे हर प्रकार के बच्चे इसमें सम्मिलित हो सकें। समता और समानता के साथ-साथ बच्चों में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार क्षमताओं का विकास किया जाना है। शिक्षा में तकनीकी के उपयोग को बढ़ाया जाना है, भाषागत समस्याओं को दूर करना है और नियोजन तथा प्रबन्धन के माध्यम से बच्चों के सीखने की सम्भावनाओं को बढ़ाना इस नीति के प्रमुख लक्ष्य है। वेबिनार का मुख्य उद्देश्य सीखने-सिखाने की तकनीक पर समझ विकसित करना, बच्चों के मूल्यांकन की नई अवधारणाओं से परिचित कराना, बच्चों की प्रतिभाओं यथा ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास, मानसिक शक्ति, शारीरिक क्षमता आदि पर समझ विकसित करना है। इसके साथ-साथ विद्यालय तथा घर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये तकनीकी और सूचनाओं के उपयोग को बढ़ाना है। इस वेबिनार में एन.सी.ई.आर.टी. सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शिक्षाविद् एवं शैक्षिक प्रशासकों का उद्बोधन होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की अध्यक्षता महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उ0प्र0 विजय किरण आनन्द द्वारा किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं तथा उससें होने वाली मृत्यु दर को रोकने के लिये माह नवम्बर को "यातायात माह" के रूप में मनाया जायेगा

यातायात माह 01 नवम्बर, 2020 से प्रारम्भ होकर पूरे माह 30 नवम्बर, 2020 तक जनपद में यातायात पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता को जागरूक किया जायेगा

प्रयागराज। पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि उ0प्र0 सरकार "स्टाकहोम घोषणा-2020" के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लिये प्रतिबद्ध है तथा प्रतिवर्ष इसमें 10 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं तथा उसमें होने वाली मृत्यु दर को रोकने के लिये एक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माह नवम्बर को यातायात माह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। यातायात माह 01 नवम्बर, 2020 से प्रारम्भ होकर पूरे माह 30 नवम्बर, 2020 तक जनपद में यातायात पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत स्कूल/कालेजों में छात्र/ छात्राओं को मान्यता नियमों की जानकारी व यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जायेगा व स्कूल/कालेज में निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। शहर के राजमार्गों पर सड़क के किनारे स्थित ढाबों व होटल पर ट्रक चालकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। आटो रिक्शा, टैम्पों, टैक्सी चालकों को यातायात नियम की जानकारी दी जायेगी। सिनेमा घरों में स्लाइड के माध्यम से आकाशवाणी व एफ0एम0 रेडियो के माध्यम से जनता को जागरूक किया जायेगा। अभियान चलाकर बिना हेल्मेट, सीट बेल्ट न पहनने, बिना डीएल के वाहन चलाने, गलत दिशा से वाहन चलाते, तीन सवारी, मोबाइल से बात करते हुए वाहन चलाने वालों को जागरूक/ कार्यवाही की जायेगी। शहर में प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग आदि लगाकर जनता को जागरूक किया जायेगा। नुक्कड नाटक/प्रचार वाहन के माध्यम से भी जनता को यातायात नियमों की जानकारी के बारे में जागरूक किया जायेगा।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

प्रयागराज। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा 2020-21 व राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर को होगा। प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा होगी।

दोनों परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 अक्तूबर से शुरू हो चुके हैं। आवेदन की आखिरी तारीख दस नवंबर है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के लिए कक्षा दस में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के समय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 30 रुपये व अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 50 रुपये शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

तापमान गिरने से बढ़े सर्दी-जुकाम के मरीज



प्रयागराज। बदलते मौसम में बीमारी भी तेजी से फैल रही हैं। खासकर सर्दी, खांसी, बुखार व वायरल के मरीजों की संख्या ज्यादा है। काल्विन अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ है। दो दिन में 25 सौ मरीज उपचार कराने पहुंचे।

अस्पताल में पांच काउंटर की व्यवस्था ओपीडी मरीजों के लिए है। सोमवार को 14 सौ मरीज इलाज कराने पहुंचे। वहीं मंगलवार को 1137 मरीज ओपीडी में पहुंचे। इनमें से सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित रहे। अस्पताल की सीएमएस डॉ सुषमा श्रीवास्तव ने बताया कि एक सप्ताह के दौरान मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। बेहतर उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है। कोरोना काल में अस्पताल में ही ओपीडी की सुविधा है। इसलिए मरीजों की संख्या भी अधिक है।

डायरिया मरीज निकला संक्रमित :

काल्विन अस्पताल में सोमवार को स्टेशन रोड का एक युवक डायरिया के चलते भर्ती किया गया था। संदिग्ध लगने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसकी कोरोना जांच कराई। जांच में वह कोरोना संक्रमित पाया गया। इस पर उसे एसआरएन में भर्ती करा दिया गया।

एक और डेंगू का मरीज भर्ती :

काल्विन हॉस्पिटल में मंगलवार को एक और डेंगू का मरीज भर्ती कराया गया है। वह कौशाम्बी के पूरामुफ्ती का रहने वाला है। अस्पताल प्रबंधन उसका इलाज कर रहा है। अधीक्षक डॉ सुषमा श्रीवास्तव ने बताया कि छह मरीज डेंगू संक्रमित अस्पताल में इलाजरत हैं। आधा दर्जन से अधिक को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

पुलिस की मेहनत लायी रंग लावारिस को कराया वारिस

प्रयागराज। सराय इनायत थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के समीप सोमवार को मार्ग दुर्घटना मृत मिले लावारिस अधेड़ की मंगलवार दोपहर पहचान कर ली गई। शाहगंज एवं सराय इनायत थाना क्षेत्र से मोटर साइकिल के कागजात पर अकिंत पते के माध्यम से पुलिस परिजनों तक पहुंची। सराय इनायत के कतवारूपुर गांव निवासी लल्लन प्रसाद वर्मा 45 पुत्र झल्लर वर्मा दो बेटे और दो बेटियों एवं पत्नी गुड़िया के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वह सोमवार की सुबह अपनी बहन निवासी बजहा गांव से मोटर साइकिल से घर के लिए लौटा था। लेकिन रास्ते में कोटवा गांव के समीप हादसे का शिकार हो गया। उसे 108 एम्बूलेंस के पायलेट ने मोतीलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हादसे के ही दिन मौत हो गई। नाम-पता अज्ञात होने की वजह से शाहगंज थाने की पुलिस ने सराय इनायत पुलिस की मददत से मृतक की मोटर साइकिल से मिले कागजात में अंकित पते के माध्यम से पुलिस खोजती हुई मंगलवार सुबह परिजनों तक पहुंची। उसकी पहचान करने पहुंचे उसके भाई आजाद कुमार वर्मा ने बताया कि मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता था।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

घटनास्थल पर जमा भीड़

नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से भिड़ा बाइक सवार एक की मौत, दो गंभीर

शंकरगढ़। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क पर खड़ी एक खराब ट्रक से टकराकर बाइक सवार जवान की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताते चलें बुधवार भोर मे लगभग 5 बजे मध्य प्रदेश की ओर से मोटर साइकिल द्वारा प्रवीण कुमार तिवारी 30 वर्ष पुत्र जनार्दन प्रसाद तिवारी निवासी कोट थाना नई गढ़ी,जिला रीवा साथ में राजेश तिवारी पुत्र जनार्दन तिवारी निवासी कोट थाना नई गढ़ी जिला रीवा 38 वर्ष तथा राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी पुत्र बनवारी द्विवेदी निवासी पटना थाना बैकुंठपुर जिला रीवा निवासी तीनो लोग प्रयागराज जा रहे थे। पुलिस चौकी नारीबारी से कुछ पहले ही ट्रक से टकरा जाने से प्रवीण कुमार तिवारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ बैठे दो घायल व्यक्तियों को मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस ने स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

यूरिन में तलाश रहे कोरोना के लक्षण

प्रयागराज। कोविड-19 वायरस को लेकर दुनियाभर में नए-नए शोध हो रहे हैं। इसी कड़ी में प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भी कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए नया शोध हो रहा है। इस शोध में यूरिन जांच के जरिए कोरोना संक्रमण के पता लगाने की संभावना तलाशी जा रही है। माना जा रहा है कि जल्द चौंकाने वाले परिणाम सामने आ सकते हैं।

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबॉयोलोजी विभाग में कोरोना संक्रमित के यूरिन को शोध की जांच प्रक्रिया में रखा गया है। इसके लिए करीब 50 संक्रमितों के यूरिन सैंपल को लिए गए हैं। शोध कर रहे विशेषज्ञों के अनुसार, शुरूआती लक्षण में यह संभव होता दिख रहा है।

एसआरएन के कोरोना नोडल अफसर डॉ सुजीत राय के अनुसार, यूरिन के जरिए कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए शोध किया जा रहा है। इसके लिए संक्रमितों के यूरिन सैंपल को शोध में शामिल किया गया है। यूरिन से कोरोना का पता चलेगा या नहीं, फिलहाल इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उम्मीद है कि जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

मुंह व नाक का ही लेते हैं सैंपल

कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए अबतक एक ही जांच प्रक्रिया अपनाई जा रही है। संबंधित व्यक्ति के मुंह व नाक से ही सैंपल लिया जाता है। इसके आधार पर आई रिपोर्ट पर ही संक्रमण होने या न होने के बारे में बताया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मुंह व नाक से ठीक से सैंपल न लेने के कारण रिपोर्ट भी रुक जाती है।

तो खुद जाना जरूरी नहीं होगा

यूरिन की जांच से अगर कोरोना संक्रमितों के बारे में पता लगेगा तो पीड़ित को काफी आसानी होगी। अबतक मुंह व नाक से सैंपल लेने के कारण खुद जाना जरूरी होता था। अगर यूरिन से यह संभव हुआ तो जरूरी नहीं है कि संबंधित व्यक्ति खुद जांच कराने पहुंचे।

आंखों से भी संक्रमण का जताया था खतरा

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में आंखों से कोरोना संक्रमण होने पर भी शोध किया जा रहा है। माना गया था कि आंखों से निकलने वाला तरल पदार्थ व आंसुओं में कोरोना संक्रमण का आरएनए पाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना था कि संक्रमित की आंखों से निकलने वाला तरल पदार्थ व आंसू नाक की नली व मुंह तक पहुंच जाते हैं। नाक व मुंह के जरिए वह दूसरे व्यक्ति को भी संक्रमित कर सकता है।

संक्षेप समाचार

आधा दर्जन लहूलुहान

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। सैनी थाना के अंतर्गत गुलामी पुर गोरियों इंडियन पेट्रोल पंप के सामने ब्यूरो टैक्सी गाड़ी मिनी बस बोलेरो वाहन को ओवरटेक का प्रयास कर रही थी जिसमें वह मिनी बस गाड़ी पलट गयी टैक्सी प्रयागराज की ओर से आगरा के लिए जा रही थी लड़की की शादी में पंजाबी परिवार के लोग थे ब्यूरो टैक्सी गाड़ी में लगभग 22 लोग सवार थे घायलों को इलाज के लिए ग्रामीणों ने जिला अस्पताल भेजा दिया है।

नहीं हुई कार्यवाही

कौशांबी। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर तमाम शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में प्रतीक्षारत शिक्षक भर्ती की सुनवाई पूर्ण 90 दिन से ऊपर हो चुके हैं और सरकार द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है शिक्षकों ने कहा शिक्षक भर्ती कट ऑफ 60-65 % सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका सुरक्षित आदेश को निर्गत कराकर शेष अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित किया जाए ज्ञापन कार्यक्रम में तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

दो आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली पुलिस द्वारा भादवि में वांछित अभियुक्त रज्जन सिंह पुत्र पन्ना लाल सिंह निवासी खोजवापुर थाना मंझनपुर वा अमरेन्द्र सिंह पुत्र मोती लाल मौर्य निवासी भैला मखदूमपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

दो अंतर प्रांतीय अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। मोहब्बत पुर पइंसा थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त मोहम्मद नईम पुत्र नसीम निवासी सुबेसरा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर वा शानू पुत्र मुस्तफा पुत्र मुख्तार निवासी नौधरा थाना धाता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 112 किलोग्राम गोमांस बरामद कर अधिनियम पंजीकृत किया गया।

बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। करारी थाना पुलिस द्वारा पाक्सों एक्ट में 01 वांछित अभियुक्त गूड्डू पुत्र मदनमोहन निवासी म्योहर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

किशोरियों को वितरित किया सैनेटरी पैड व साबुन

माहवारी नहीं शर्म की बात यह तो है ईश्वर की सौगात : नसीम अंसारी

पट्टी,प्रतापगढ़। माहवारी कोई शर्म की बात नहीं है, यह ईश्वर की एक खूबसूरत सौगात है, जो प्रत्येक किशोरी व महिला के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया है. उक्त विचार आज उडैयाडीह में किशोरियों के लिए समा रिसोर्स सेंटर नईदिल्ली के सहयोग से सैनेटरी पैड व साबुन वितरण के अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने व्यक्त किये. उन्होंने बताया कि इसके बिना महिलाओं व किशोरियों को समाज में अनेक प्रकार की समस्यायों व कमेन्ट का सामना करना पड़ता है. श्री अंसारी ने माहवारी के दौरान सामाजिक कुरीतियों व व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विस्तार से चर्चा की.। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर उप राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित मुन्नी बेगम ने कहा कि किशोर-किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान होने वाले परिवर्तनों के बारे में ज्यादातर को बहुत कम जानकारी होने के कारण उन्हें कभी कभी अत्यंत तनाव का सामना करना पड़ता है इसलिए परिवार में माहवारी, प्रजनन स्वास्थ्य व पोषण से जुडी भ्रांतियों पर खुल कर चर्चा करना जरूरी है। इस अवसर पर समा रिसोर्स सेंटर नईदिल्ली के सहयोग से तरुण चेतना द्वारा 36 किशोरियों को उच्च क्वालिटी की 02 -02 पैकेट सैनेटरी पैड व 01 -01 साबुन वितरित किया गया. इस दौरान कुछ किशोरियों ने अपने अनुभव भी साझा किये है।

रैली निकाल महिलाओं को जागरूक करती टीम।

एटीएम से पैसा निकाल कर घर जा रहे युवक से बदमाशों ने मारपीट कर दस हजार रुपये लूटे

कंधई प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के लौवार गांव निवासी सुभम सरोज पुत्र सुरेश सरोज बुधवार दोपहर लगभग 2रू00 बजे थाना क्षेत्र के बनी तेरह मील स्थित एसबीआई एटीएम से पैसा निकालने आया था एटीएम से 10,000 रुपए निकालने के बाद शुभम बाइक से घर जा रहा था रास्ते में जैसे ही वह तेरहमील स्थित नहर की पटरी पर पहुंचा पहले से खड़े बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर 10,000रुपए लूटकर फरार हो गए सूचना पर पहुंची कंधई पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

गोल्डेन कार्ड विहीन ग्रामों में गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु एक नवम्बर को चलाया जायेगा अभियान : डीएम

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने अवगत कराया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत ऐसे गांव जहां एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बने है (गोल्डेन कार्ड विहीन ग्राम) में गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु दिनांक 01 नवम्बर 2020 को अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त कार्ड विहीन ग्रामों में अपने स्तर से सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव को सेक्टर आफिसर तैनात करेगें जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक से समन्वय करते हुये यह सुनिश्चित करेगें कि समस्त कार्ड विहीन ग्रामों में निर्धारित तिथि दिनांक 01 नवम्बर तक अधिकाधिक गोल्डेन कार्ड बनवाते हुये सम्बन्धित ग्राम को गोल्डेन कार्ड से शत प्रतिशत आच्छादित करें। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले कॉमन सर्विस सेन्टर के वी0एल0ई0 को सम्बन्धित ग्रामों में गोल्डेन कार्ड निर्माण हेतु कैम्प लगाने के लिये निर्देशित करेगें जो सेक्टर आफिसर एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नामित ग्राम की आशा कार्यकत्री के साथ समन्वय कर सम्बन्धित ग्राम में शत प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनायेगें।

संकल्प विद्यार्थी सेवा मंच की ब्रान्ड एम्बेडसर बनायी गईं प्रज्ञा मिश्रा

प्रतापगढ। उत्तर प्रदेश लोकप्रिय संस्था संकल्प विद्यार्थी सेवा मंच संस्थान की मुख्य कार्यकारणी ने मिजार्पुर की बहुत ही प्रतिभावान प्रज्ञा मिश्रा को ब्रान्ड एम्बेडसर बनाया है। यह संस्था अपने विद्यार्थियों सम्बंधित मोटि वेशनल कार्यक्रम एवं कलाकारों के उत्कृष्ट उत्थान के लिए जानी जाती है। संकल्प विद्यार्थी सेवा मंच संस्थान के संस्थापक विवेक संकल्प ,अध्यक्ष - लवलेश पाण्डेय ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। विवेक संकल्प जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रज्ञा मिश्रा उच्चस्तरीय विचारधारा की इंसान है जो सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। जो अपने दम पर मिजार्पुर में विशेष पहचान बनाई है। उधर प्रज्ञा मिश्रा की बहन युवा नेत्री समीक्षा मिश्रा इस उपलब्धि के लिए अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपनी तरफ से बहुत सारी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस उपलब्धि समीक्षा मिश्रा, विवेक संकल्प, शिखा पाण्डेय, आकांक्षावत्स, तुलसी पिल्लई, अनूपा त्रिपाठी, प्रमी पाण्डेय, सौम्या शुक्ला, सौम्या मिश्रा, सौम्या दूबे, आस्था मिश्रा, रिया पाण्डेय, आरती वत्स, पल्लवी राजपूत, नीतू सिंह, पूजा सिंह, शिवानी मिश्रा, अंशिका सिंह एवं अन्य सभी ने बधाई दी।

अवसाद ग्रस्त युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

कटरा गुलाब सिंह। जेठवारा थाना क्षेत्र के नंदा का पूरा,सरायदेवराय गॉव का एक युवक राजेश कुमार पटेल 18वर्ष पुत्र राम सुंदर पटेल ने बीती रात घर से थोड़ी दूर पर आम के पेड़ से लटक कर अपनी जान दे दिया।घटना की जानकारी ग्रामीणों ने सुबह परिजनों को दिया तो उनके होश उड़ गए।और घटना स्थल की ओर भागकर गए।वहां देखा तो राजेश का शव आम के पेड़ की डाल से गमछे के सहारे करीब दस फीट की ऊंचाई पर लटक रहा था।सूचना मिलते ही जेठवारा पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया।परिजन शव का पोष्टमार्टम नही कराना चाह रहे थे।किन्तु पुलिस ने पंचनामा करके शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।युवक द्वारा अचानक आत्महत्या किए जाने का कारण उसका अवसाद ग्रस्त होना बताया जा रहा है।परिजनों ने बताया कि अभी कुछ दिनों पहले ही राजेश की शादी भी निश्चित की गई थी।मृतक दो भाई और चार बहनों में सबसे छोटा था।युवक की आत्म हत्या को लेकर ग्रामीणों में कई तरह की चचाएं भी हो रही हैं।

इलाज के दौरान अधेड़ की मौत, गैरइरादतन हत्या का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना मे अधेड की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामपुर भेडियानी निवासी शिवपूजन शर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस सितंबर को उसका पुत्र सुजीत कुमार अपने निजी वाहन से लखनऊ से आ रहा था। संगम चैराहे के पास चालक की लापरवाही से वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ मे टकरा गया। गंभीर रूप से घायल सुजीत को परिजन इलाज के लिए लखनऊ ले गये। इलाज के दौरान तीस सितंबर को सुजीत की मौत हो गयी। बुधवार को मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुघर्टना का केस दर्ज किया।

राक्षसों के वध एंव संसार के रक्षा हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम ने लिया अवतार

सरायंआनादेव व चमरुपुर शुक्लान मे कलाकारों ने मयार्दा पुरुषोत्तम के कृत्यों का किया मंचन

प्रतापगढ़। अवध रामलीला समिति चमरुपुर शुक्लान के तत्वावधान में चल रही रामलीला के दूसरे दिन संतोष मिश्र समाजसेवी व जवाहर लाल मौर्य प्रधान चमरुपुर शुक्लान द्वारा भगवान विष्णु की आरती उसके पश्चात समिति के संरक्षक स्व. विनोद कुमार ओझा के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर रामलीला कि शुरूवात की । दूसरे दिन के प्रमुख दृश्यो मे दशरथ कौशल्या संवाद, वशिष्ठ गुरु आश्रम हेतु प्रस्थान, वशिष्ठ आश्रम दशरथ आगमन, पुत्रेष्टियज्ञ की व्यवस्था, वशिष्ठ द्वारा श्रृंगीऋषि को बुलाना, पुत्रेष्टियज्ञ सम्पन्न कराना, कौशल्या कैकेयी सुमित्रा को फल देना, दशरथ दरबार, चारो पुत्रों का जन्म, राम जन्म, दशरथ वशिष्ठ द्वारा नामकरण संस्कार व यज्ञोपवीत संस्कार, समस्त बालको का शिक्षा हेतु वशिष्ठ आश्रम जाना, जनक दरबार, प्रजा का बारिश न होने पर हाहाकार मचाना, जनक द्वारा नारद जी के स्वप्न मे कही बात को याद करके जनक व पत्नी सहित हल चलाना, सीता उत्पत्ति राक्षसो द्वारा विश्वामित्र का यज्ञ इत्यादि खंडित करना, विश्वामित्र का दशरथ दरबार मे आगमन, राम लक्ष्मण को मांगना, मंत्री द्वारा राम लक्ष्मण को दरबार मे लाना, माता का आशिर्वाद लेने के पश्चात राम लक्ष्मण का विश्वामित्र के साथ जाना, विश्वामित्र राम संवाद, ताडका बध, विश्वामित्र द्वारा आश्रम मे यज्ञ करना, राम लक्ष्मण द्वारा सुबाहु वध, मारीच का भागना राम लक्ष्मण द्वारा गुरु सेवा करना, जनकपुर से दूत का आगमन, विश्वामित्र का राम लक्ष्मण के साथ जनकपुर प्रस्थान करना, मार्ग में अहिल्या उद्धार आदि दृश्य दिखाये गये । कलाकारों में मुख्य रूप से पवन कुमार शुक्ला (गोलू), विनय कुमार दूबे, बद्रीनाथ मिश्रा, आशीष वैश्य, संतोष शुक्ला, राममनोहर पाल, राज, शनि, आशीष मिश्रा (मोनू), विकास पान्डेय, शिवम पान्डेय, जयभगवान पान्डेय, प्रयागदत्त ओझा आदि कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया गया । उक्त जानकारी समिति के कलाकार, प्रचार मंत्री व मीडिया प्रभारी अनुज पान्डेय ने दी । वहीं दूसरे तरफ क्षेत्र के सरांयआनादेव मे चल रामलीला मंचन मे कलाकारों ने मंचन के माध्यम से लोगों को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चन्द्र जी के चरित्र से जोड़ते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने व जनहित मे सदैव समर्पित रहने का सन्देश दिया ।

रामलीला मंचन का दृश्य।

लक्ष्मण को मूर्छित देख भाई राम की छलक पड़ी ऑखें

कंधई,प्रतापगढ। ब्लाक बाबा बेलखरनाथधाम, के ग्रामसभा जोगीपुर, मे दुर्गा पूजा व रामलीला समिति के अध्यक्ष सचिंद्र प्रताप सिंह(सच्चे सिंह) द्वारा स्थापित जहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पंडाल की खूबसूरती लोगों का मन मोह लिया वही प्रभु जी की रामलीला में नौवें दिन लक्ष्मण को मूर्छित देख भाई राम की आंखें जहां छलक पड़ी ।वही दर्शकों में राम के विलाप सुन दर्शकों में स्वयं राम भगवान का दृष्ट दिखाई दे रहा था ।भगवान राम की खूबसूरत, दृष्टि लोगों के मन को मोह लिया ।जोगीपुर रामलीला समिति का संचालन 20 वर्षों से चला आ रहा है। माना जाता है कि जोगीपुर की रामलीला समित खूबसूरती की एक मिसाल है।

डॉक्टर फर्मासिस्ट मिले अनुपस्थित, डीएम ने वेतन रोकने के दिए निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बुधवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों एवं फर्मासिस्टों के अनुपास्थित पाये जाने एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सही न पाये जाने के उपरान्त जिलाधिकारी ने तत्काल कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में डॉक्टरों की बैठक बुलाई। बैठक में जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये डॉक्टरों एवं फार्मासिस्टों का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि सभी डॉक्टर 8:00 बजे से ओपीडी में बैठकर मरीजों की सही ढंग से देखभाल करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में बाहर की दवा न लिखी जाए एवं मरीजों को अस्पताल से ही दवा मुहैया करायी जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होनें चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो एवं कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सही न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सफाई कर्मियों को सुबह 6:00 बजे अस्पताल में उपस्थित होकर साफ-सफाई को निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

डॉक्टरों की अनुपस्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में कमियाँ पाये जाने पर जिलाधिकारी ने डॉक्टरों की तत्काल बुलाई बैठक

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई न पाये जाने पर व्यक्त की नाराजगी

जिलाधिकारी अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मरीजों से बात करते।

धान ,खरीद में किसी भी प्रकार की शिकायत बर्दाश्त नहीं : डीएम

डीएम ने कहा कि लापरवाही पर क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

कौशाम्बी। जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जनपद में हो रहें धान खरीद की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों एंव क्रय एजेंसियों के जिला प्रबन्धकों को क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यावस्थायें बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होने क्रय केन्द्रो पर किसानों के बैठने, पीने के पानी तथा पर्याप्त मात्रा में बोरे, नमी मापक यन्त्र तथा कॉटे की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर यदि बोरे की कमी पायी गयी तो धान क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा है कि धान ,खरीद में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए और न ही धान बेचने में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो। उन्होने कहा है कि धान खरीद में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत पायी गयी और वह शिकायत जॉच में सही पायी गयी तो केन्द्र प्रभारी सहित अन्य सम्बन्धित लोगों के विरूद्ध कडी कार्यवाही तो होगी ही साथ ही साथ एफआईआर भी दर्ज करायी जायेगी। उन्होनें कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के धान क्रय केन्द्रों पर किसान भाई अपना धान नहीं बेच सकतें है, इसलिए किसान भाई अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर धान खरीद की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होनें कहा है कि धान खरीद में किसी भी तरह से बिचौलियों का हस्तक्षेप न हो और धान खरीद पारदर्शिता के साथ हो। उन्होनें कहा है कि धान खरीद में घटतौली या, अन्य किसी प्रकार की शिकायत न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज तथा धान क्रय एजेंसियों के जिला प्रबन्धकगण एंव क्रय केन्द्र प्रभारियों के अलावा अन्य संबंन्धित विभागों के कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

पीएम स्वनिधि योजना के कार्यक्रम का दिल्ली से हुआ लाइव प्रसारण

कौशाम्बी। कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजनाह्व के कार्यक्रम का दिल्ली से हुआ लाइव प्रसारण। जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रवीन्द्र जायसवाल, परियोजना अधिकारी सुधाकान्त मिश्रा, शहर मिशन प्रबंधक, कामरान अहमद, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सामुदायिक आयोजक सहित योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थियों के साथ देखा और सुना गया। योजनान्तर्गत शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम हेतु जनपद को ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य 1071 के सापेक्ष 1334 लाभार्थियों को ऋण वितरण कराया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा पीएम स्वनिधि योजनान्तगत राजन, श्री अदालती प्रसाद, सत्येन्द्र कुमार, श्री छवि प्रकाश, राजकुमार आदि लोगों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

एक निरीक्षक समेत कई उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

कौशाम्बी। एसपी अभिनन्दन ने जिले की कानून व्यवस्था को बेहतरीन बनाये रखने हेतु 01 निरीक्षक सहित कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है बदलाव के क्रम में राधेश्याम वर्मा थानाध्यक्ष मोहब्बतपुर पइंसा को पैदल करते हुए पुलिस लाइन्स भेज दिया गया है वही महेश मिश्रा चौकी प्रभारी सल्लाहपुर से थानाध्यक्ष मोहब्बतपुर पइंसा बनाए गए है राकेश कुमार को थाना महेवाघाट से चौकी प्रभारी सल्लाहपुर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है परिवर्तन के क्रम में शिवस्वरूप सिंह को थाना चरवा से हटा कर थाना महेवाघाट भेजने का निर्देश दिए गए है।

क्षेत्राधिकारी के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

कौशाम्बी। एसपी अभिनन्दन ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने हेतु 03 क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया है कृष्ण गोपाल सिंह क्षेत्राधिकारी चायल से क्षेत्राधिकारी मंझनपुर स्थानांतरित किये गए है इसके पहले भी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह का मंझनपुर स्थानांतरण हुआ है लेकिन उन्होंने मंझनपुर में ज्वाइनिंग नही ली थी श्यामकान्त क्षेत्राधिकारी कार्यालय अपराध से क्षेत्राधिकारी चायल बनाए गए है सच्चिदानंद पाठक क्षेत्राधिकारी मँझनपुर से क्षेत्राधिकारी कार्यालय भेजे गए है।

जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

करारी कौशाम्बी। जन अधिकार पार्टी युवा जिला महासचिव अशोक पाल ने कार्यकताओं के साथ जिला मुख्यालय मे जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जन अधिकार पार्टी भागीदारी संकल्प मोर्चा के तत्वाधान में माननीय राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देने का कार्य कर रहे है। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने मांग की है कि डीजल पेट्रोल की बढ़ी कीमतों को तत्काल कम किया जाए।सरकार द्वारा पिछड़ों का आरक्षण मेडिकल सहित सभी क्षेत्रों में शून्य कर दिया गया है इसे तत्काल बहाल किया जाए तथा पिछड़े वर्ग में क्रीमी लेयर व्यवस्था को खत्म किया जाए,

सामान्य वर्ग की तरह पिछड़े वर्ग के बच्चों को भी छात्रवृत्ति प्रदान किया जाए, किसानों को खाद बीज व कीटनाशक दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएं छोटे व मझोले किसानों दुकानदारों व्यापारियों का कर्ज व बिजली का बिल माफ किया जाए, केंद्र व प्रदेश सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए सरकारी संपत्तियों का निजी करण करना बंद करें, देश मे बढ़ रही बेरोजगारी से देश व प्रदेश मे आये दिन लोग आत्महत्या कर रहें हैं, नई कृषि नीति किसान विरोधी है,जो काला बाजारी को बढ़ावा देने वाली है, सरकार रोजगार के अवसर प्रदान करें, ताकि देश व प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी से लोग निजात पा सके। पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार का ध्यान इस विषय पर ले जाना चाहता हूं, कौशाम्बी ग्रामीण अंचल में लगी 11 हजार की पुरानी जर्जर तार इंसुलेटर डिस आदि को बदला जाय जिसके कारण आए दिन हो रहे हादशो से लोगों की जान बच सके,बीजेपी सरकार अन्य सरकारों के शासन काल में बने महापुरषों के नाम से विद्यालय आदि के नामों को बदलना बंद करे।

उपलब्धियों से कार्यकर्ताओं को कराया गया रूबरू : धर्मराज

कौशाम्बी। भाजपा की उपलब्धियों से पार्टी के कार्यकताओं को रूबरू कराया गया है इसके लिए पार्टी की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग के दिशा निर्देश में लोकसभा कौशांबी में सरसवां मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर लोगो को जानकारी दी गयी है। भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अक्टूबर एवं 27 अक्टूबर को भाजपा सरसवां मंडल में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष बृजेश मिश्र ने की है कार्यक्रम टिकरा में माता प्रसाद इंटर कॉलेज में मंगलवार को सकुशल संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में कौशांबी जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, एवं धनंजय सिंह, अमरनाथ त्रिपाठी, कमलेश कुमार, की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के सरसवां मंडल के पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा किए गए कार्य व उपलब्धियों से अवगत कराया गया साथ ही पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक की प्रत्येक गतिविधियों का प्रशिक्षण उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक दिया गया। प्रशिक्षण में सरसवां मंडल के अध्यक्ष बृजेश मिश्र जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला पंचायत सदस्य अश्वनी द्विवेदी, मंडल महामंत्री प्रमोद भार्गव, मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश पांडेय, मंडल मंत्री सच्चिदानंद, उदय नारायण मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बनवारीलाल पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य शंकर दयाल सिंह आदि रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग